# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 05/11/2024 |
| Exam Time | 12:30 PM - 2:30 PM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** एक संख्या में 24% की वृद्धि की जाती है और फिर 25% की कमी की जाती है। निवल वृद्धि या कमी प्रतिशत क्या है?

**Ans** A). 7% की कमी B). 7% की वृद्धि C). 8% की वृद्धि D). 8% की कमी **Correct Answer: A**

**Q.2** ₹20 में एक वस्तु को बेचकर, एक विक्रेता 20% का लाभ अर्जित करता है। उसे अपना विक्रय मूल्य (₹ में, दो दशमलव स्थान तक सन्निकटित) कितना बढ़ाना चाहिए, ताकि 30% का लाभ अर्जित कर सके?

**Ans** A). 3.67 B). 4.67 C). 2.67 D). 1.67 **Correct Answer: D**

**Q.3** किसी वर्ष के 3 महीनों के लिए सेल्वा की मासिक आय ₹19,500, ₹21,500 और ₹22,000 है। इन 3 महीनों के लिए सेल्वा की प्रति माह औसत आय कितनी है?

**Ans** A). ₹20,500 B). ₹21,500 C). ₹20,000 D). ₹21,000 **Correct Answer: D**

**Q.4** राकेश एक वस्तु की कीमत ₹5,400 अंकित करता है और उस पर क्रमशः 15% और 5% की दो क्रमिक छूट देता है। वस्तु का विक्रय मूल्य ज्ञात करें।

**Ans** A). ₹4,500 B). ₹4,300 C). ₹4,360.50 D). ₹4,400 **Correct Answer: C**

**Q.5** एक नाव में बैठे 5 व्यक्तियों का औसत भार 28 kg है। यदि नाव और नाव में बैठे व्यक्तियों का औसत भार 56 kg है, तो नाव का भार ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 232 kg B). 242 kg C). 196 kg D). 122 kg **Correct Answer: C**

**Q.6** 16, 20 और 24 लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) क्या है?

**Ans** A). 180 B). 135 C). 240 D). 260 **Correct Answer: C**

**Q.7** एक जलाशय एक लंब वृत्ताकार शंकु के छिन्नक के आकार का है। यह शीर्ष पर 26 m चौड़ा और नीचे 2 m चौड़ा है। यह 5 m गहरा है। इसका वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

**Ans** A). 440 $m^2$ B). 607 $m^2$ C). 2157 $m^2$ D). 572 $m^2$ **Correct Answer: D**

**Q.8** 5 वर्षों के लिए 8% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 960 B). 1040 C). 940 D). 1000 **Correct Answer: D**

**Q.9** A और B एक वृत्ताकार रेस ट्रैक पर दौड़ना शुरू करते हैं जिसकी लंबाई 3240 m है। A और B एक ही बिंदु से और एक ही समय पर, लेकिन विपरीत दिशाओं में दौड़ना शुरू करते हैं। यदि A, 10 m/s की चाल से दौड़ता है और दौड़ शुरू करने के 3 मिनट बाद वे एक दूसरे को पार करते हैं, तो B की चाल (m/s में) कितनी है?

**Ans** A). 8.5 B). 8 C). 7.5 D). 9 **Correct Answer: B**

**Q.10** 8 और 68 के बीच 9 से विभाज्य सभी संख्याओं का औसत क्या है?

**Ans** A). 36 B). 33 C). 31.5 D). 40.5 **Correct Answer: A**

**Q.11** एक पुलिसकर्मी 220 m की दूरी से एक चोर को देखता है। पुलिस को देखते ही चोर भागना शुरू करता है और उसी समय पुलिसकर्मी उसका पीछा करता है। चोर और पुलिसकर्मी क्रमशः 9 km/h और 11 km/h की चाल से भागते हैं। चोर को पकड़ने के लिए पुलिसकर्मी को कितनी दूरी तय करनी पड़ेगी?

**Ans** A). 1.21 km B). 0.86 km C). 0.98 km D). 1.48 km **Correct Answer: A**

**Q.12** 5 वर्षों के लिए 9% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1390 B). 1350 C). 1290 D). 1310 **Correct Answer: B**


**Q.13** रमेश चंद्र ने ₹18 प्रत्येक की दर से 360 बल्ब खरीदे। हालाँकि, 20 बल्ब खराब थे और उन्हें फेंकना पड़ा। शेष बल्ब ₹20 प्रत्येक की दर से बेचे गए। लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $7\frac{46}{81}\%$ हानि B). $7\frac{46}{81}\%$ लाभ C). $4\frac{76}{81}\%$ लाभ D). $4\frac{76}{81}\%$ हानि **Correct Answer: C**

**Q.14** एक ऐसे वृत्त का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए जिसे 12 cm की भुजा वाले एक वर्ग में उत्कीर्णित (inscribed) किया जा सकता है।

**Ans** A). 144π B). 24π C). 72π D). 36π **Correct Answer: D**

**Q.15** दिए गए बार-ग्राफ का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।
दिया गया बार-ग्राफ 5 वर्षों (2018 से 2022) के दौरान संस्थान A और B में नामांकित छात्रों की संख्या को दर्शाता है।




वर्ष 2019 और 2020 में संस्थान A में नामांकित छात्रों की कुल संख्या, संस्थान B में नामांकित छात्रों की कुल संख्या का कितना प्रतिशत है? (दशमलव के बाद एक स्थान तक पूर्णांकित करें।)

**Ans** A). 38.6% B). 43.5% C). 41.2% D). 40.1% **Correct Answer: D**

**Q.16** 30 तथा 50 के बीच की अभाज्य संख्याओं के औसत और 20 तथा 50 के बीच 3 के गुणजों के औसत के बीच का अंतर क्या है?

**Ans** A). 5.3 B). 2.6 C). 3.2 D). 4.5 **Correct Answer: A**

**Q.17** राम ने 31 दिसंबर 2021 को अपने दोस्त सोहम से ₹24,000 की धनराशि इस शर्त पर उधार ली कि वह इसे 18% वार्षिक साधारण ब्याज के साथ एक वर्ष के बाद वापस कर देगा। हालाँकि, राम 1 अगस्त 2022 को पैसे वापस करने में सक्षम है, तो राम को सोहम को कितनी धनराशि लौटानी होगी?

**Ans** A). ₹26,250 B). ₹25,520 C). ₹26,520 D). ₹25,250 **Correct Answer: C**

**Q.18** निम्नलिखित तालिका में वर्ष 1991 से 1995 तक एक कंपनी द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार की बैटरियों की बिक्री (लाख में) को दर्शाया गया है।

| वर्ष | बैटरी का प्रकार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | AA | 2AA | 3AA | 5AA |
| 1991 | 85 | 64 | 102 | 118 |
| 1992 | 68 | 78 | 92 | 213 |
| 1993 | 99 | 53 | 88 | 109 |
| 1994 | 120 | 89 | 70 | 125 |
| 1995 | 75 | 110 | 132 | 98 |

वर्ष 1991 से 1995 की अवधि के दौरान किस प्रकार की बैटरी की बिक्री सबसे अधिक थी?

**Ans** A). 2AA B). 3AA C). AA D). 5AA **Correct Answer: D**

**Q.19** एक ठोस लोहे के खंभे में 3.5 m ऊँचाई और 0.8 m आधार व्यास वाला एक बेलन है। इसके ऊपर 0.75 m ऊँचाई और 0.2 m त्रिज्या वाला एक अन्य सह-अक्षीय बेलन लगा हुआ है। खंभे का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ($m^2$ में, निकटतम दहाई के स्थान तक पूर्णांकित) कितना है? ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

**Ans** A). 16 B). 12 C). 10 D). 8 **Correct Answer: C**

**Q.20** यदि संख्याएँ X + 2, X + 5, 2X − 3 और 3X − 5 समानुपात में हैं, तो निम्नलिखित में से किस युग्म वाले मान X के लिए संभव है?

**Ans** A). 4 और 2 B). 5 और 3 C). 5 और 1 D). 3 और 2 **Correct Answer: C**

## Section : Reasoning Ability and Problem Solving

**Q.1** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

JBM, MEJ, PHG, SKD, ?

**Ans** A). VNC B). VNA C). WNB D). WNA **Correct Answer: B**

**Q.2** सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। D, B के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। B के दाएं से गिनने पर B और A के बीच में ठीक दो व्यक्ति बैठे हैं। G, A के ठीक बाएं बैठा है। F, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। D के सापेक्ष में G का स्थान कौन-सा है?

**Ans** A). दाएं से तीसरा B). दाएं से दूसरा C). बाएं से दूसरा D). बाएं से तीसरा **Correct Answer: D**

**Q.3** नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए, चाहे वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्धारित कीजिए कि कौन-सा/से निष्कर्ष, कथन (कथनों) का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ कैमरे, रेडियो हैं।
सभी रेडियो, राउटर हैं।
निष्कर्ष:
(I): कुछ कैमरे, राउटर हैं।
(II): कोई कैमरा, राउटर नहीं है।

**Ans** A). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। B). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। C). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। D). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। **Correct Answer: B**

**Q.4** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 22, 43 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 35, 69 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 81 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 163 B). 160 C). 161 D). 162

Correct Answer: C

**Q.5** PS 41 एक निश्चित प्रकार से KN 47 से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार, TW 30, OR 36 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए VY 27 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). QT 33 B). LH 33 C). HL 33 D). TQ 33

Correct Answer: A

**Q.6** निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**736, 689, 642, 595, 548, ?**

**Ans** A). 501 B). 481 C). 511 D). 499

Correct Answer: A

**Q.7** यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**310 × 2 − 3 ÷ 40 + 170 = ?**

**Ans** A). 151 B). 129 C). 142 D). 105

Correct Answer: D

**Q.8** U, V, W, X, Y, Z और A एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। X के बाईं ओर से गिनती करने पर Y और X के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। A, U के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। V, W के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। A, V के ठीक दाईं ओर बैठा है। Z, V का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
Z के दाईं ओर से गिनती करने पर Z और X के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). एक B). दो C). चार D). तीन

Correct Answer: D

**Q.9** एक कूट भाषा में, 'JASMINE' को '213' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TULIP' को '234' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'CHAMELI' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans** A). 143 B). 148 C). 157 D). 153

Correct Answer: D

**Q.10** एक निश्चित कूट भाषा में, 'do it correctly' को 'nq sd fo' के रूप में लिखा जाता है और 'Please do this' को 'rt fo in' के रूप में लिखा जाता है। दी गई कूट भाषा में 'do' को कैसे लिखा जाता है?

**Ans** A). fo B). sd C). nq D). rt

Correct Answer: A

**Q.11** एक निश्चित कूट भाषा में, 'POST' को '3854' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TIPS' को '5648' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। इसी भाषा में 'O' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans** A). 3 B). 8 C). 6 D). 4

Correct Answer: A

**Q.12** यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
**25 + 20 × 10 ÷ 2 − 5 = ?**

**Ans** A). 19 B). 26 C). 10 D). 39

Correct Answer: B

**Q.13** एक निश्चित कूट भाषा में, 'I Love biryani' को 'qs vx pg' के रूप में लिखा जाता है और 'biryani was good' को 'vx pm ed' के रूप में लिखा जाता है। दी गई कूट भाषा में 'biryani' को कैसे लिखा जाता है?

**Ans** A). qs B). pm C). ed D). vx

Correct Answer: D

**Q.14** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**10, 49**
**14, 69**

**Ans** A). 18, 88 B). 17, 89 C). 18, 89 D). 17, 88

Correct Answer: C

**Q.15** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ कैमरे, फ़ोन हैं।
कोई फ़ोन, लैपटॉप नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ फ़ोन, कैमरे हैं।
(II) कुछ लैपटॉप, फ़ोन हैं।

**Ans** A). निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं    B). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है    C). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
D). न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है

**Correct Answer: B**

---


**Q.16** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर EHJD एक निश्चित प्रकार से LOQK से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार GJLF, NQSM से संबंधित है। उसी तर्क का पालन करते हुए, ILNH निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). PSOU    B). SPOU    C). PSUO    D). SPUO


**Correct Answer: C**


---


**Q.17** कागज़ की एक वर्गाकार शीट को दर्शाई गई दिशाओं में बिंदुदार रेखा के अनुदिश क्रमशः मोड़ा जाता है और अंतिम बार मोड़ने के बाद फिर इसमें छेद किया जाता है। खोले जाने पर यह कागज़ कैसा दिखाई देगा?




**Ans**

A). 

B). 


C). 

D). 


**Correct Answer: B**


---


**Q.18** निम्नलिखित शृंखला में आगे आने वाली आकृति का चयन करें।




**Ans**

A). 

B). 


C). 

D). 

**Correct Answer: B**

---

**Q.19** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।




**Ans**

A). 


B). 

C). 


D). 


**Correct Answer: C**


**Q.20** उस आकृति का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में आगे आएगी।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: C**

## Section : General Awareness

**Q.1** ब्रह्म समाज, हिंदू धर्म के भीतर आस्तिक आंदोलन, राजा राम मोहन रॉय द्वारा वर्ष ________ में स्थापित किया गया था।

**Ans** A). 1879 B). 1828 C). 1839 D). 1856

**Correct Answer: B**

**Q.2** अंग्रेजी उपन्यास 'मॉर्निंग फेस (Morning Face)' __________ द्वारा लिखा गया है।

**Ans** A). विक्रम सेठ B). अनीता देसाई C). मुल्क राज आनंद D). आर के नारायण

**Correct Answer: C**

**Q.3** कौन-सा दिन अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है?

**Ans** A). 15 अगस्त B). 2 अक्टूबर C). 31 जनवरी D). 31 अक्टूबर

**Correct Answer: B**

**Q.4** केलुचरण महापात्र निम्नलिखित में से किस नृत्य से जुड़े हैं?

**Ans** A). दुमहल B). ओडिसी C). फुगड़ी D). बिहु

**Correct Answer: B**

**Q.5** निम्नलिखित में से क्या एसएचजी (SHGs) के डीडब्ल्यूसीआरए (DWCRA) मॉडल का मुख्य उद्देश्य है?

**Ans** A). ग्रामीण बच्चों के लिए शिक्षा के अवसर प्रदान करना B). ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना C). ग्रामीण परिवारों के लिए आवासीय सहायता प्रदान करना D). ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना

**Correct Answer: D**

**Q.6** यदि किसी जीव के शरीर को केवल एक ही अक्ष (one plane) के माध्यम से दो अविभेद्य, आधे बाएँ और आधे दाएँ भाग में विभाजित किया जा सकता है, तो इसमें __________ होती/होता है।

**Ans** A). द्विपार्श्व सममिति (bilateral symmetry) B). सममितता केन्द्र (centre of symmetry) C). अरीय सममिति (radial symmetry) D). असममिति (asymmetricity)

**Correct Answer: A**

**Q.7** _________ के अंतर्गत स्वराज पार्टी का गठन औपनिवेशिक सरकार के शासन में बाधा डालने के उद्देश्य से विधान परिषदों (legislative councils) में प्रवेश करने के लिए चुनाव लड़ने के विचार से किया गया था।

**Ans** A). अखिल भारतीय मुस्लिम लीग B). द यूनियनिस्ट पार्टी C). भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस D). इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी

**Correct Answer: C**

**Q.8** मई 2023 में निम्नलिखित में से किसे, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (Central Bureau of Investigation - CBI) के निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया?

**Ans** A). राकेश अस्थाना B). देबदत्त चंद C). शांतनु रॉय D). प्रवीण सूद

**Correct Answer: D**

**Q.9** अनुच्छेद 165 के तहत राज्यपाल राज्य के लिए _________ बनाने के लिए, एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त होने के योग्य व्यक्ति को नियुक्त करता है।

**Ans** A). मुख्यमंत्री B). एडवोकेट जनरल C). महान्यायवादी D). नियंत्रक महालेखा परीक्षक

**Correct Answer: B**

**Q.10** बाहरी आक्रमण के आधार पर आपातकाल घोषित होने पर निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद स्वतः निलंबित हो जाता है?

**Ans** A). अनुच्छेद 22 B). अनुच्छेद 19 C). अनुच्छेद 35 D). अनुच्छेद 32

**Correct Answer: B**

**Q.11** अकबर-नामा' के किस खंड को आईन-ए-अकबरी के नाम से जाना जाता है, जो अकबर के प्रशासन, कुनबे, सेना एवं उसके साम्राज्य के राजस्व और भूगोल से संबंधित है?

**Ans** A). चौथे B). पाँचवें C). तीसरे D). दूसरे

**Correct Answer: C**

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन बुद्ध के समकालीन थे, लेकिन उन्हें धर्म का प्रथम संस्थापक नहीं माना जाता है?

Ans A). महावीर स्वामी B). भद्रबाहु C). अरिष्टनेमि D). ऋषभनाथ

Correct Answer: A

**Q.13** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प भारत में निजी क्षेत्र का एक उद्योग नहीं है?

Ans A). डाबर इंडस्ट्रीज B). बजाज ऑटो लिमिटेड C). टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी ( TISCO ) D). भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL)

Correct Answer: D

**Q.14** एल्डोस पॉल (Eldhose Paul) ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में किस एथलेटिक्स स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता?

Ans A). लॉन्ग जम्प (Long Jump) B). भाला फेंक (Javelin Throw) C). गोला फेंक (Shot Put) D). ट्रिपल जम्प (Triple Jump)

Correct Answer: D

**Q.15** उत्तर-पश्चिम भारत में 'महावत (Mahawat)' शब्द किस ऋतु से सम्बंधित है?

Ans A). शीतकालीन वर्षा (Winter rainfall) B). मानसूनोत्तर ऋतु (Post Monsoons rainfall) C). वर्षा ऋतु (Rainy season) D). ग्रीष्मकालीन वर्षा (Summer rainfall)

Correct Answer: A

**Q.16** रीता मुस्तफी (Rita Mustaphi) को निम्नलिखित में से किस भारतीय नृत्य शैली में उनके उत्कृष्ट नवाचार के लिए 2023 की मैकनाइट फेलोशिप (Mcknight Fellowship) से सम्मानित किया गया है?

Ans A). कथकली B). यक्षगान C). कथक D). मणिपुरी

Correct Answer: C

**Q.17** भोजन के संरक्षण में नमक किस प्रकार योगदान देता है?

Ans A). एंटीऑक्सीडेंट के रूप में कार्य करके। B). भोजन के pH को कम करके। C). मैलार्ड अभिक्रिया को बढ़ावा देकर। D). परासरण के माध्यम से सूक्ष्मजीवों की वृद्धि को रोककर।

Correct Answer: D

**Q.18** भारत में निम्नलिखित में से किस जनगणना दशक में उच्चतम अशोधित मृत्यु दर दर्ज की गई?

Ans A). 1911-1921 B). 1991-2001 C). 1931-1941 D). 1941-1951

Correct Answer: A

**Q.19** भौम जलस्तर (water table) के संबंध में सही वाक्य का चयन कीजिए।

Ans A). भौम जलस्तर के नीचे जल नहीं पाया जा सकता है। B). किसी भी स्थान पर भौम जलस्तर को बदला नहीं जा सकता है। C). भूजल परत के निचले स्तर को भौम जलस्तर कहा जाता है। D). भौम जलस्तर अलग-अलग स्थान पर अलग-अलग होता है।

Correct Answer: D

**Q.20** शॉटगन (शूटिंग के खेल में), एक ________ गेज (gauge) है जिसका कैलिबर 18.5 मिलीमीटर (mm) है (गेज आग्नेयास्त्रों के लिए माप की एक इकाई है)।

Ans A). 18 B). 12 C). 10 D). 15

Correct Answer: B

**Q.21** 1 bar दाब पर, हाइड्रोजन गैस की एक निश्चित मात्रा का आयतन 2.27 लीटर है। यदि दाब 0.2 bar पर रखा जाए, तो आयतन क्या होगा?

Ans A). 11350 $cm^3$ B). 10270 $cm^3$ C). 11.35 $cm^3$ D). 12250 $cm^3$

Correct Answer: A

**Q.22** भारत में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (Periodic Labour Force Survey - PLFS) की शुरुआत से पहले, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (National Statistical Office - NSO) ने रोजगार और बेरोजगारी संकेतकों के लिए किस प्रकार के सर्वेक्षण आयोजित किए थे?

Ans A). दशकीय सर्वेक्षण B). द्विवार्षिक सर्वेक्षण C). मासिक सर्वेक्षण D). पंचवार्षिक सर्वेक्षण

Correct Answer: D

**Q.23** 4 अगस्त 2023 को अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन विधेयक (Anusandhan National Research Foundation Bill), 2023 लोकसभा में पेश किया गया था, जो ______________ को निरस्त करता है।

Ans A). विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड अधिनियम, 2009 B). विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड अधिनियम, 2006 C). विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड अधिनियम, 2007 D). विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड अधिनियम, 2008

Correct Answer: D

**Q.24** प्रसिद्ध __________ वादक पद्मश्री पंडित राजीव थरानाथ कर्नाटक राज्य से हैं।

Ans A). सरोद B). वायलिन C). सितार D). बांसुरी

Correct Answer: A

**Q.25** अपनी आत्मकथा में बाबर ने औपचारिक उद्यानों की योजना बनाने और उसे बनाने में अपनी रुचि का वर्णन किया है, जो आयताकार दीवार वाले बाड़ों के भीतर स्थित है और कृत्रिम चैनलों द्वारा चार चौथाइयों में विभाजित है। इन उद्यानों को ________ के नाम से जाना जाता है।

Ans A). पंच बाग (Panch Bagh) B). तीन बाग (Teen Bagh) C). सात बाग (Saat Bagh) D). चाहर बाग (Chahar Bagh)

Correct Answer: D

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** **Select the option that has an error in the use of present tense.**

**Ans** A). I have performed all my duties with utmost sincerity. B). The painter is painting the wall right now.
C). I am observing your mischievous activities for half an hour. D). The mother cooks delicious food for her children.

**Correct Answer: C**

**Q.2** **Identify the word that can replace the INCORRECTLY spelt word in the given sentence.**
**The bakery is known for its scrumptous pastries, especially the cinnamon rolls.**

**Ans** A). scrumptuos B). scrumptious C). scrummptiouss D). scrumptiouss

**Correct Answer: B**

**Q.3** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**

**Hanging by a thread.**

**Ans** A). To avoid danger or trouble B). To be perilously close to failing, dying, or resulting in a bad outcome C). To do something very risky
D). Crude and lacking sophistication

**Correct Answer: B**

**Q.4** **Select the most appropriate ANTONYM to substitute the underlined word in the given sentence.**
**How would you describe your ideal vacation destination?**

**Ans** A). gloomy B). instant C). faulty D). reproving

**Correct Answer: C**

**Q.5** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Veneration B). Indoulgent C). Happiness D). Forgotten

**Correct Answer: B**

**Q.6** **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**
**Yesterday, / my surgeon / operate on my knee.**

**Ans** A). operate on my knee B). No error C). my surgeon D). Yesterday

**Correct Answer: A**

**Q.7** **select the most appropriate synonym of the word given in brackets.**

**Despite facing numerous challenges, her [tenacious] determination never faded one bit.**

**Ans** A). weak B). stubborn C). confused D). gentle

**Correct Answer: B**

**Q.8** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**I need to ________ my shoelaces before going out.**

**Ans** A). tie B). thigh C). tye D). thai

**Correct Answer: A**

**Q.9** **In the following sentence the underlined part contains as error. Alternatives to the underlined part are given as options. Select the correct alternative.**
**He looked extremely smart and handsomest in the black suit.**

**Ans** A). handsomer B). most handsome C). handsome D). handsomely

**Correct Answer: C**

**Q.10** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined words in the given sentence.**

**After the heavy rains last Thursday, the water in the river raised another three feet.**

**Ans** A). rose another three feet B). raise another three feet C). risen another three feet D). will raise another three feet

**Correct Answer: A**

**Q.11** **Identify the INCORRECTLY spelt word from the given sentence.**
**Comprehensiveness constitues wisdom and many examples from history illustrate this fact.**

**Ans** A). Wisdom B). Constitues C). Comprehensiveness D). Illustrate

**Correct Answer: B**

**Q.12** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**John's coffee is hot than Jack's.**

**Ans** A). hottest B). more hotter C). hotter D). most hot

**Correct Answer: C**

**Q.13** **Select the most appropriate synonym of the underlined word.**
**The politician's speech was an attempt to mitigate the concerns of the citizens.**

**Ans** A). Aggravate B). Lessen C). Understand D). Establish

**Correct Answer: B**

**Q.14** **Select the most appropriate option to fill in the blanks.**

**An adventurer packed _____ backpack and _____ assortment of survival gear for the challenging trek through the wilderness.**

**Ans** A). a; a B). an; an C). a; an D). an; a

**Correct Answer: C**

**Q.15** **Select the most appropriate synonym of the underlined word.**
**The news of her promotion left her feeling buoyant, with a sense of accomplishment and pride in her work.**

**Ans** A). Peculiar B). Shy C). Dour D). Cheerful

**Correct Answer: D**

**Q.16** **Select the word segment that substitutes the bracketed word segment correctly and completes the sentence meaningfully.**

**The movie was (mostly over) when we entered the hall.**

**Ans** A). almost over B). more done C). most done D). most over

**Correct Answer: A**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**We all ____________ at the sky as it was full of stars that night.**

**Ans** A). Gazed B). Hooked C). Packed D). Saw

**Correct Answer: A**

**Q.18** **Select the most appropriate meaning of the underlined phrase.**

**Can you please stop continuously complaining about the student's shortcomings?**

**Ans** A). Grunting B). Jesting C). Whining D). Crying

**Correct Answer: C**

**Q.19** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**
**To throw caution to the wind**

**Ans** A). To do something with care and attention B). To give answer with utmost attention C). To roam here and there aimlessly D). To do something without worrying about risk

**Correct Answer: D**

**Q.20** **Select the option that does NOT contain an adverb.**

**Ans** A). She ran swiftly to catch the thief. B). He never forgets his homework. C). Rohit loves chocolate. D). Maya was quite absent-minded during class today.

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

In the realm of literature, metaphors and similes are like (1) ________ tools for writers. They serve to (2) ________ the reader's understanding and make the text more (3) ________. However, it's crucial for writers to (4) ________ use them, as excessive figurative language can (5) ________ the clarity of the writing.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). indispensable B). believable C). concision D). inoperative

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

In the realm of literature, metaphors and similes are like (1) ________ tools for writers. They serve to (2) ________ the reader's understanding and make the text more (3) ________. However, it's crucial for writers to (4) ________ use them, as excessive figurative language can (5) ________ the clarity of the writing.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). cavitate B). illuminate C). abdicate D). flaw

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

In the realm of literature, metaphors and similes are like (1) ________ tools for writers. They serve to (2) ________ the reader's understanding and make the text more (3) ________. However, it's crucial for writers to (4) ________ use them, as excessive figurative language can (5) ________ the clarity of the writing.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23 Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). vivid B). meaning C). ambiguity D). substantiality

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

In the realm of literature, metaphors and similes are like (1) ________ tools for writers. They serve to (2) ________ the reader's understanding and make the text more (3) ________. However, it's crucial for writers to (4) ________ use them, as excessive figurative language can (5) ________ the clarity of the writing.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24 Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). spatially B). judiciously C). indiscriminately D). pathetically

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

In the realm of literature, metaphors and similes are like (1) ________ tools for writers. They serve to (2) ________ the reader's understanding and make the text more (3) ________. However, it's crucial for writers to (4) ________ use them, as excessive figurative language can (5) ________ the clarity of the writing.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25 Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). simplify B). enhance C). clarify D). detract from

**Correct Answer: D**